हरियाणा सरकार
मुख्य सचिव कार्यालय
राजनैतिक एवं संसदीय कार्य विभाग
क्रमांकः– 41/14/2016–5पोल

दिनांक 06 अप्रैल, 2020

सेवा में

1. सभी प्रशासकीय सचिव, हरियाणा सरकार ।
2. सभी मंडल आयुक्त, हरियाणा ।
3. सभी उपायुक्त, हरियाणा ।

विषयः– निकट भविष्य में आने वाले त्यौहारों के समय कोविड–19 के संक्रमण से बचने बारे हिदायतें ।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषय के संदर्भ में मुझे यह कहने का निर्देश हुआ है कि निकट भविष्य में आने वाले त्यौहारो के समय कोविड–19 के संक्रमण से बचने हेतु समस्त हरियाणा राज्य में निम्नलिखित हिदायतों की दृढ अनुपालना सुनिश्चित की जाए :–

1. लोगों को सोशल डिसटेंसिंग के प्रति अधिक से अधिक जागरूक किया जाना चाहिए । इसके लिए सोशल मीडिया, प्रिन्ट मीडिया, डिजिटल मीडिया, रेडियो, टैलीविजन के माध्यम से और अधिक प्रभावी जागरूकता अभियान जारी रखा जाए ।
2. निकट भविष्य में आने वाले त्यौहारों के दौरान यह सुनिश्चित किया जाए कि लोग सभा सम्मेलन आयोजित न करें और न ही जलसा–जुलूस निकाले तथा इन सभी त्यौहारों को श्रद्धा अनुसार अपने घरों में ही मनाये ।

भवदीय,

अधीक्षक राजनैतिक
कृतेः मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार ।

अशा क्रमांक 41/14/2016–5पोल
चण्डीगढ दिनांक 06 अप्रैल, 2020

इसकी एक प्रति सचिव, राज्यपाल महोदय को माननीय राज्यपाल महोदय के अर्ध सरकारी पत्र क्रमांक हरभ–वि0का0अ0रा0–2020/2438 दिनांक 03 अप्रैल, 2020 के सदर्भ में सूचनार्थ भेजी जाती है ।

अधीक्षक राजनैतिक
कृतेः मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार

।अशा क्रमांक 41/14/2016–5पोल
चण्डीगढ दिनांक 06 अप्रैल, 2020

इसकी एक प्रति महानिदेशक पुलिस, हरियाणा पंचकूला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतू भेजी जाती है ।

अधीक्षक राजनैतिक
कृतेः मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार ।

अशा क्रमांक 41/14/2016–5पोल
चण्डीगढ दिनांक 06 अप्रैल, 2020

इसकी एक प्रति निदेशक, सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग हरियाणा सरकार, को सूचनार्थ, सभी संचार माध्यमों से व्यापक प्रचार एवं आवश्यक कार्यवाही हेतू भेजी जाती है ।

अधीक्षक राजनैतिक

कृतेः मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार ।